मानव मन्दिर



फकीर लायब्रेरी चैरीटेबल ट्रस्ट
सुतेहरी रोड, होशियारपुर
द्वारा अमूल्य भेंट

FORM I

(See Rule 8)

Place of Publication	Hoshiarpur
Date of Publication	10th of every month
Periodicity of publication	Monthly
Printer's Name	Prem Prakash Sharma
Nationality	Indian
Address	Manavta Mandir, Hoshiarpur
Editor's Name	Prem Prakash Sharma
Nationality	Indian
Address	Manavta Mandir, Sutehri Road, Hoshiarpur.
Name and address of individuals, who own the Manav Mandir or partners or shareholders, holding more than one percent of the TOTAL	Faqir Library Charitable Trust, Hoshiarpur.

I, Prem Prakash Sharma hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Dated : 10 Signature of Publisher

Printed and Published by : Prem Prakash Sharma at Shiv Dev Rao Press, Manavta Mandir, Hoshiarpur. for the Faqir Library Charitable Trust, Hoshiarpur.

मानवता मन्दिर होशियारपुर में अगला मासिक सत्संग 15-9-96 को होगा ।



Param Sant Param Dayal
Pt. Faqir Chand Ji Maharaj



Param Sant Manav Dayal
Dr. I. C. Sharma Ji Maharaj



Param Sant Manav Dayal

Dr. I. C. Sharma Ji Maharaj

मासिक —

मानव मन्दिर

विश्व में मानव मात्र के सामाजिक, सांस्कृतिक
और आध्यात्मिक कल्याण और विकास की
सेवा में संलग्न मासिक पत्र ।

सम्पादक :
श्री प्रेम प्रकाश शर्मा

वर्ष 24 | मंगलवार 10 सितम्बर 1996 | संख्या 5

राधास्वामी योग

हजूर दाता दयाल महर्षि शिवब्रत लाल जी महाराज

(गतांक से आगे)

इस भण्डार की ओर तवज्जह केवल ख्याल की सहायता से दिलाई जाती है। यही विचार कराना सतगुरु का उपदेश कहलाता है। राधास्वामी मत का सत्संग केवल ख्याल दिलाने से सम्बन्ध रखता है। इस मत में न कठोरता है न सख्ती, न जोर है न जुल्म। जिसका जी चाहे सत्संग में आकर गुरु से सच्चे ख्याल ले और उनके अभ्यास में लग जाय। ख्याल का प्रतिदिन का अभ्यास उसके विश्वास को दिन प्रतिदिन दृढ़ करता चलेगा और जब वह अपनी आंखों से देख लेगा, फिर सम्भव नहीं है कि कोई लोक या परलोक की शक्ति उसे बहका सके अथवा पथभ्रष्ट कर सके। पथ-भ्रष्टता तो

अनसमझी, अनदेखी, अनसुनी और अनजाने का परिणाम है। यहां मनुष्य के अन्दर उसकी हालत के दिखाने का प्रबन्ध है। न कहीं पढ़ाना है न लिखाना है; न भरमाना है न भटकाना है। ख्याल सहानुभूति व प्रेम के साथ दिया जाता है। काम करो, काम में लगो और उसका परिणाम स्वयम् देखोगे। अधिक कहने सुनने की आवश्यकता क्या है? विचार ही मनुष्य को दुर्बल बनाता है और विचार ही शक्तिशाली बनाता है। विचार ही से उसमें ईश्वर पूजा आती है। विचार ही से निर्बलता आती है और नास्तिक हो जाता है। विचार ही से वह दुनियां का पुजारी बनता है। इस कारण से राधास्वामी मत में व्यर्थ और अनुपयोगी कर्म धर्म से निस्सम्बन्ध रहकर अपने सेवक, उपासक, साधक और अनुयायियों को केवल ख्याल दिला दिलाकर निजस्वरूप, सार तत्व और एकत्व-वाद की ओर तवज्जह कराता है।

सार वचन की भूमिका के कथन की ओर ध्यान दो—"मालूम होवे कि आदि शब्द कुल का कर्त्ता और स्वामी है। और यदि सुरत यानी उसके अव्वल जहूर का नाम राधा है। इन्हीं का नाम सुरत और शब्द है। और जब इनकी धार नीचे आई तब इसी आदि शब्द से और शब्द और आदि सुरत से और सुरत और शब्द से सुरत और सुरत से शब्द बराबर प्रगट होते आये और अपने-अपने मुक़ाम पर कायम हुए"।

शब्द चेतन्य का प्राकट्य हैं। इसी पर सृष्टि की उत्पत्ति निर्भर है। यही कर्त्ता धर्त्ता सब कुछ है। शब्द की महिमा जैसा कि हम पहिले कह आये हैं प्रत्येक धर्म में है। वेदों का प्रणव (ओ३म्), मुसलमान सूफियों का कुन शब्द और ईसाईयों का कलाम (शब्द) उसी की साक्षी देते हैं आदि-आदि। राधा स्वामी मत में इस आदि शब्द को स्वामी कहा गया है। धार के रूप में शब्द का प्राकट्य होता है। हम बोलते हैं। तुम सुनते हो। हमारी जिभ्या से आवाज़ निकलती है और वह धार के रूप में जाती हुई तुम्हारे अन्दर समा जाती है। यह तुम जानते हो। आदि शब्द से जो धार निकली उसी की उल्टी व गोल धार को राधा कहते हैं। जिस तरह स्वामी आदि शब्द था उसी तरह यह राधा आदि सुरत कहलाई। इनके मेल से यह जगत रचा गया और शब्द से सुरत और सुरत से शब्द का क्रम चल निकला। हम सुरत और शब्द से अपने-अपने मण्डल बनाकर उसमें स्थित होते चले गए और उनके बीच में भिन्नता की सूरतें कायम होती गई और भी इसी प्रकार होता गया।

रचना जब होगी धार के रूप में होगी और धार जब निकलेगी घेरे के रूप में चक्कर खा-खाकर उसी घेरे में ठहरेगी। गति सदा गोलाकार में प्रकट होती है। यह सिद्धान्त है। देह को देखो। राधास्वामी मत की

असली पुस्तक केवल मनुष्य शरीर है और सत्संग में उसी के अध्ययन की रुचि पैदा की जाती है। वह किसी अन्य का शरीर नहीं बल्कि तुम्हारा अपना शरीर है। इसी शरीर के तमाम अगों में धारों का ही व्यवहार है। मस्तिष्क से धार आई। वह स्थान-स्थान पर ठहरती और चक्कर खाती हुई भिन्न-भिन्न इन्द्रियों, अंगों और नस नाडियों में ठहरती हुई आई व उसने भिन्न-भिन्न रूपता का दृश्य प्रस्तुत किया। हाथ में क्या है? नस नाड़ियों के सिलसिले में धार ही का तो प्रबन्ध है। जब तक धार आती जाती है, तब तक वह पकढ़ता जकड़ता है, मारता है, सहारता है, तोड़ता है जोड़ता है। थोड़ा सा पहुंचे पर मजबूत बन्द लगा दो, फिर देखो होता क्या हैं? काम करना तो अलग वह अपनी बन्धी हई मुट्ठी तक को न खोल सकेगा और न खुली हुई मुट्ठी को बन्द कर सकेगा। यही दशा कुल इन्द्रियों की समझ लो। प्रत्येक इन्द्री में शब्द और सुरत की भिन्न-भिन्न शक्तियां मौजूद हैं और उनके भिन्न-भिन्न नाम हैं। असली धार जो मस्तिष्क से आती है उसे देखो। कैसी-कैसी सूरतें बनाती है और फिर भी ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर आती जाती रहती है। इसी धार का आना जाना ही आवागवन है। यह तो तुमको थोडा बहुत ज्ञात हो गया कि तुम स्वयम् धारों से

बने हो। तुम्हारी इन्द्रियाँ धारों की गोल-गोल गिरहें या ग्रन्थियां हैं।

ठीक इसी प्रकार जब आदि धार उतरी तो वह गिरहें बनाती हुई आई। इन समस्त गिरहों के अन्दर सुरत और शब्द और शब्द और सुरत दोनों ही हैं। इनसे रहित एक भी नहीं है। चाहो इनकी परीक्षा कर लो। इन्हीं सुरत और शब्द के सिलसिले में मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार आदि सब ही लिपटे हुए पड़े हैं और उनके अन्तरगत हैं।

एक ग्रन्थि सूर्य्य है। दूसरी चन्द्रमा है। तीसरी पृथ्वी है। चौथे देवता—किन्नर, गन्धर्व, राक्षस आदि हैं। पांचवीं मनुष्य है। छठवीं पशु, पक्षी थलचर, जलचर आदि सब हैं आदि-आदि। पञ्च भूत, आकाश आदि इसी चैतन्य धार की ऐसी ग्रन्थियां हैं जिनको तुम जड़ समझते हो। उसका भी प्राकट्य उसी से है। एक अपार समुद्र है जिसके क्षोभ के प्रभाव से अगणित बुलबुले बनकर एक विचित्र कारीगरी का तमाशा दिखा रहे हैं और देखने वालों को यह जगत राधास्वामी या आदि शब्द और आदि धार का दृश्य दिखाई दिया करता है।

यह हम कह क्या रहे हैं। कौन हमारी बातों को समझता है। और कौन इसे समझकर मानता है!

कोई कल्पना की परिभाषा को समझे बिना जगत को कल्पित कह रहा है। कोई 'सत्' शब्द को जाने बिना इस रचना को अन हुई मान रहा हैं। बातें तो सबने सीख ली हैं मगर इसकी सचाई को कोई बिरला ही समझता है। क्या बात बनाने वाला, स्वयम् कल्पना वाला और स्वयम् भी शारीरिक दृष्टि से अनहुआ नहीं है? लेकिन क्या वह उसी की बातचीत नहीं कर रहा है और क्या बातचीत और कल्पना मिथ्या या अनहुई नहीं है? राधास्वामी मत न शब्दों के गोरखधन्धे में फंसाता है और न बातों के जाल बनाता है। जो हैं उसे वैसा मानकर चलो और अपने अन्दर देखो तब यह भेद खुलेगा। बातों के नाखुन से यह गुत्थी कभी नहीं सुलझाई जा सकती।

इस शब्द की महिमा के विषय में भूमिका इस प्रकार लिखता है—

"शब्द की महिमा हर एक मत में है मगर शब्द का भेद किसी मत के ग्रन्थ या पोथियों में नहीं लिखा है। इसी सबब से लोग इससे नावाकिफ रह गये। अब हजूर राधास्वामी साहब ने तफ़सील शब्दों की और उनका भेद और बुजुर्गों का हाल खोल कर साफ़-साफ़ इस वाणी में लिखा है। (वाणी से अभिप्राय सार वचन पोथी है)"।

ऊपर हम स्वयम् ही शब्द के महत्व के विषय में कुछ न कुछ कह चुके हैं। अधिक कहने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी अन्य धर्मों की पुस्तकों का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। इसमें कोई हानि नहीं है।

जो लोग शब्द के प्रमाण या साक्षी को ही मुख्य या सर्वोपरि मानते हैं वे यों ही मानने वाले नहीं हैं। विवश उनके भावों की पुष्टि करनी पड़ती है। सुनिये—

कठ उपनिषद
2 व. 16

(1) "यह शब्द ब्रह्म है। इस शब्द का अभिप्राय सबसे ऊच्चा है। जो इस शब्द को जानता है अपने मन की कामनाओं को पूरी करता है"

बृहदारण्यक चतुर्थ ब्राह्मण
चौथा अध्याय 21

(2) "इसको जानकर ज्ञानी ब्रह्म का विचार करते हैं। वह बहुत से शब्दों का ध्यान न करे क्योंकि शब्द परेशान करते हैं"।

छान्दोग्य उपनिषद्
प्रथम अध्याय 4
खण्ड 3

(3) "……उसने शब्द अर्थात् स्वर का सहारा लिया है"।

छान्दोग्य प्रथम अध्याय (4 4 खण्ड 3

'वह जो इसको जानता है, इस (ओ३म्) अक्षर की स्तुति करता है और अमृत होकर अक्षर को प्राप्त होकर देवता हो जाता है"।

नाद बिन्दु उपनिषद् ऋग्वेदी

(1) "योगी सिद्ध आसन पर बैठकर वैष्णवी मुद्रा का अभ्यास करता हुआ दाहिने कान से अन्तरीय शब्द सुने" !

(2) इस प्रकार शब्द का अभ्यास करने से वह वाह्य शब्दों से वहरा बन जायगा। इन कठिनाइयों पर विजय प्राप्त कर वह केवल 15 दिन में तुरिया अवस्था को प्राप्त करेगा।

(3) पहिले उसको समुद्र, बादल, बाढ़ और भेरी के शब्द सुनाई देंगे। बीच में घण्टा और शंख सुनेगा।

(4) जब तक शब्द है तब तक आकाशी ध्यान है अशब्द के पश्चात् ब्रह्म है।

(5) जब तक शब्द है तब तक मन है। शब्द के बन्द होते ही उन्मुनि अवस्था आवेगी।

(6) वह अक्षर में समायेगा। यह अशब्द की दशा अन्तिम अवस्था है ।

(7) इसके पश्चात् वह शंख या ढोल का शब्द नहीं सुनता ।

(8) नाद और बिन्दु बहुत हैं। वह ब्रह्म प्रणव में लय हो जाता है ।

(9) जैसे मक्खी शहद को चूसती है वैसे ही वह शब्द में लीन हो जाता है और इसका चित निश्चल बन जाता हैं ।

योगाचार्य का मत मैडम ब्ल्युस्की के वाइस आफ़ साइलेंस के हवाले पर पृष्ठ 22-24

(1) "वह जो नाद (शब्द) को सुनता है और अशब्द नाद को सुनता हैं धारणा की कैफ़ियत को समझता है" ।

(2) "पहिली आवाज़ बुलबुल के चहेचहे की तरह मीठी है।

दूसरी चांदी की झनकार है।
तीसरी समुद्र की लहरों की है।
चौथी बीन की आवाज़ है।
पांचवीं तुरही की है ।
छटी बादल की गरज है।

जब सातवीं आवाज़ आती है, सब आवाजें मर जाती हैं। वह एक में लय हो जाता है और उसी में रहता है"।

ईसाइयों की युहन्ना की अञ्जील, प्रथम अध्याय प्रथम आयत	"आदि में शब्द था। शब्द मालिक के साथ था। शब्द ही ने सब कुछ पैदा किया"।

सूफ़ी मौलाना रूम के फ़ारसी शेरों में भी आवाज़ (शब्द) के विषय में विस्तारपूर्वक वर्णन है। उन्होंने यहां तक लिखा है कि—"पैगम्बर साहब ने कहा कि खुदा की आवाज़ मेरे कान में मानिन्द 'सदा' के पहुंचती है"।

शाह नियाज़ का भी कहना है कि तमाम दुनियां आवाज़ से भरी है लेकिन तू अपने कान के दरवाजों को खोल। खोलने का अभिप्राय यह है कि तू सुनने के रास्ते को बन्द कर डाल।

ख्वाजा हाफ़िज के शेरों में भी यह उल्लेख है कि आकाश से आवाज़ लगाई जा रही है और इतना भी पता है कि घण्टे की आवाज सुनाई देती है।

अन्य धर्मों के इतने ही प्रमाण विश्वास दिलाने को पर्याप्त। सन्त मत के सैकड़ों विभिन्न पन्थों के ग्रन्थ

शब्द की महिमा से भरे हुए हैं। चूंकि यह एक ही सिलसिले की शाखें हैं इनको वर्णन करना यहां व्यर्थ है। कबीर जोग और नानक जोग के पढ़ने वाले स्वयम् भी जानते हैं।

राधास्वामी सार वचन में शब्दों का जो वर्णन आया है वह उस पोथी में विवरण सहित मिलेगा, अथवा इस राधास्वामी योग में समय समय पर और स्थान-स्थान पर वर्णन किया जायगा। भूमिका में इस प्रकार लिखा है—

"खुलासा भेद" शब्द का नीचे लिखा जाता है—

"कुल की आदि राधास्वामी यानी कुल मालिक—यहां शब्द निहायत गुप्त है और उसकी उपमा यानी नमूना इस रचना में कहीं नहीं है। इसी शब्द से सत्पुरुष पैदा हुए।

शब्द पहिला— सत्पुरुष का शब्द जिसको सत नाम और सत्य शब्द भी कहते हैं और जिसकी कुदरत से सोहंग पुरुष, परब्रह्म, ब्रह्म और माया प्रगट हुए।

शब्द दूसरा— सोहंग पुरुष का शब्द।

शब्द तीसरा— परब्रह्म का शब्द जिसकी मदद से तीन लोक की रचना ठहरी हुई है।

चौथा शब्द— ब्रह्म शब्द जो 'प्रणव' है जिससे सूक्ष्म ब्रह्माण्डीय वेद और ईश्वरीय माया प्रगट हुई।

पांचवां शब्द— माया और ब्रह्म का शब्द जिससे त्रिलोकी की रचना का मसाला प्रगट हुआ और आकाशी वेद ज़ाहिर हुए।

माया शब्द के नीचे विराट पुरुष का शब्द और जीव और मन का शब्द प्रगट हुआ"।

इस विवरण की सूची को यदि व्याख्या की जायगी तो कठिनाई से किसी की समझ में आवेगी, क्योंकि राधास्वामी मत दुनियां का सबसे अधिक पूर्ण मार्ग है। जब तक कि आदमी अन्य मत-मन्तारों के हालात से परिचित न हो, इसके कथन को नहीं जान सकता। फिर भी हमको तो समझाना ही है। किसी न किसी प्रकार हम समझाने का प्रयत्न करेंगे। प्राणायाम का गायत्री मन्त्र जो हिन्दुओं में प्रचलित है उसमें सात भूमिकाओं या स्थानों का वर्णन है जो मनुष्य के अपने शरीर में मौजूद हैं। यद्यपि यह नीचे के स्थान हैं मगर इस सूची के साथ तुलना कर दिखाने में हानि नहीं है—

1. ओ३म् भु।
2. ओ३म् भुवः।
3. ओ३म् स्वः।
4. ओ३म् महः।
5. ओ३म् जनः।
6. ओ३म् तपः।
7. ओ३म् सत्यम्।

इनमें 'भू' जीव का स्थान है और उसी प्रकार के शब्द से सम्बन्ध रखता है। 'भुवः' पिण्डी मन का स्थान है। 'स्वः' ईश्वर या विराट का स्थान है। 'महः' ब्रह्म

पद, 'जनः' परब्रह्म पद, 'तपः' सोहंग पुरुष और 'सत्यम्' सत् पद या सत् नाम से तुलना (मुशाबा) है । यहां आकर मन्त्र के सातों स्थान समाप्त हो जाते हैं। आगे शुद्ध रूहानी (आध्यात्मिक) स्थान अलख, अगम और राधास्वामी आते हैं जो राधास्वामी धाम से सम्बन्धित हैं। इस पारस्परिक तुलना से इतना तो समझ में आयेगा कि राधास्वामी मत योंहि तालीम नहीं देता । उसका नमूना वैदिक मार्ग में मौजूद है। हां, लोग अनभिज्ञ हैं। इन स्थानों के भिन्न-भिन्न शब्द पुस्तक के सिलसिले में समझाते हुए दिये जायेंगे।

सत सनातन धर्म

अथवा

सत मानव धर्म

परम संत परम दयाल

पंडित फकीर चन्द जी महाराज

अष्टम सत्संग

(उज्जैन कुम्भ 12-5-68)

नाम संस्कार (लगातार)

मैं अपने आप से पूछता हूं कि मैं यह काम क्यों करता हूं ? मैं कहता हूं मैं किसी पर अहसान नहीं करता, अपना कर्म भोगता हूं । जिस प्रकार जुलाहा अपने लिए कपड़ा बुनता है और पांच या छः आना गज़ के हिसाब से वेचता है । उसको भी लाभ होता है । दुकानदार ले जाता है वह भी कमाता है । दर्जी भी कमाता है और धोबी कपड़ें को धोता है वह भी कमाता है । कपड़ा पहिनने वाले को भी आराम मिलता है । जब वह कपड़ा

गल जाता है अथवा उसके चिथड़े हो जाते हैं, मील वाला ले जाकर उसके कागज बनाता है।

इसी प्रकार मैं तो था सनातनी, राम को मानता था। मुझे क्या पता था कि मेरे भाग्य में राधास्वामी मत आयेगा। चूंकि राधास्वामी मत की वाणी मेरी समझ में नहीं आती थी। अतः मैंने प्रण किया था कि जो इस मत में अनुभव होगा और जो मेरी समझ में आयेगा वह बता जाऊंगा। इसलिए कर्म तो मैं अपना भोगता हूं। सम्भव है मेरे काम से किसी को लाभ पहुंच जाय।

पैदा होने के बाद बच्चे को जब समझ आने लगती है वह तीन बातें सोचता है। जिस वस्तु को वह देखता है, उसके पीछे दौड़ता है, उसको जानने की कोशिश करता हैं। जब बच्चा बाबा की गोद में होता है वह सवाल करता है यह क्या है? जो कुछ वह देखता है वह कहता है यह क्या है? मैं जब दुनियां में आया, दुनियां को देखा तो ख्याल आया, किसने यह बनाई, कहां से आई। इस खब्त में चूंकि बुद्धि मिली थी, समझ आ गई कि भगवान होता है, राम होता है। उसको खोजा। उस खोज के सिलसिले में भिन्न-भिन्न धर्म सम्प्रदाय, विचारधारा तथा महापुरुष जो कुछ लिखकर दे गए पढ़े या मैंने सुने तो जो कुछ किसी ने कहा वैसा-

वैसा-वैसा मैंने करना शुरू किया। चूंकि उनमें भिन्नता थी इसलिये मैंने खोज की और मेरी अपनी इच्छा थी कि जो कुछ मिलेगा मैं बता जाऊंगा।

मैं मालिक को मिलने को निकला था। पहिले मैंने मालिक को अपने मन से विश्वास करके माना कि वह हैं। फिर किसी ने ख्याल दिया कि वह साकार रूप है। फिर उसको राम या कृष्ण के रूप में माना उसको पूजा। मेरे सामने राम धनुषधारी घण्टों में ऐसे खड़ें रहते थे जैसे तुम मेरे सामने बैठे हुए हो या तुमको देखता हूं या बातें करता हूं। उनसे बातें किया करता था। रामायण में लिखा है—

नाना भान्ति राम अवतारा।
रामायण शत कोटि अपारा॥

इसलिए चित्त यह चाहता था कि यदि राम मानव रूप में मिल जांय तो उनकी सेवा कर लूं, उनसे प्रेम कर लूं। मेरा ही दृश्य था जो दातादयाल के चरणों में ले गया। जब उनको मैं राम मान कर पूजा करता था उन्होंने मेरे ख्याल को बदला। उन्होंने मुझे गुरु मत में ढकेला। फिर दातादयाल को गुरु मान कर पूजा। बड़ी सिद्धि शक्तियाँ मेरे पास आई। जब मैं बसरा बगदाद में गया तो जब युद्ध क्षेत्र है आपत्ति में था तो मेरे राम

दातादयाल बनकर प्रगटे। उन्होंने जो मुझे आदेश दिया। मैं उस पर क्रियान्वित हुआ। मैं शत्रु से बच गया। जब बसरा बगदाद लौटकर गया तो सत्संगी लोग मिल गये। उन्होंने स्टेज पर बिठाकर मेरी आरती की। मैंने पूछा कि क्यों? गुरु महाराज तो लाहौर में हैं, तुम यह क्यों करते हो? वह कहने लगे— बाबा! (मेरे को मास्टर जी कहा करते थे तूने अमुक स्थान पर हमारी सहायता की, अमुक स्थान पर दर्शन दिये। जब यह बात सुनी तो मैं था नहीं, मेरी आंख खुल गई कि इनके अन्दर कौन गया? मुझे विश्वास हुआ कि यह मन के जितने रूप मेरे सामने आते थे यह मेरे अपने ही मन की कल्पना थी। जैसा मेरा अपना विश्वास था, मेरे काम होते रहते थे। इस अनुभव के आधार पर चूंकि मैंने प्रण किया था कि संसार को कह जाऊंगा, कहता हूं कि ऐ मानव! तू जिस रूप में भी उसको मानता है, माने जा। दुनिया में तेरी रक्षा होती रहेगी, जैसे मेरी रक्षा होती रही अथवा उन सत्संगियों की रक्षा हुई।

जाकी रही भावना जैसी।
प्रभु मूरति देखो तिन तैसी॥

इसलिए मैं किसी धर्मावलम्बी का विरोध नहीं करता। हर एक सम्प्रदाय अपनी जगह पर ठीक है मगर

जो असली खुदा, असली भगवान, असली मालिक है जिससे यह रचना हुई है, जो इस सृष्टि का आधार है, वह और है ! वह और है !! क्यों ? क्योंकि यदि मैं ही सब कुछ हूं तो मैं जो चाहे कर सकता हूं मगर नहीं कर सकता । फिर मुझको उस मालिक की खोज हुई । जब मैं अपने अन्तर गया मुझे ज्ञात हो गया कि यह मेरा ही रूप है । फिर इसके पश्चात प्रकाश आया, शब्द आया । प्रकाश मैं रहते-रहते आनन्द लिया मगर मालिक की मुझे खोज थी कि वह क्या है ? यदि यह कहूं कि मालिक शब्द ही है तो शब्द को सुनता कौन है ? बात सोचने वाली है। मान लो तुम्हारे अन्तर में बाबा फकीर प्रगट होता है। तुम और हो और बाबा फकीर और है, तुम्हारे अन्दर प्रकाश (नूर या ज्योति) प्रगट होता है। तुम प्रकाश को देखते हो। तुम और हो तथा प्रकाश और है। तुम अपने अन्दर शब्द को सुनाते हो। तुम और हो तथा शब्द और है। यह प्रकाश और शब्द जो कुछ भी है इसका साक्षी कौन है ? साक्षी वह जो तुम हो। तुम्हारी सुरत शब्द को सुनती है, प्रकाश को देखती है, मन के रूप को देखती है, बाबा फकीर को अन्दर में देखती है। फिर असली मालिक तुम्हारे अन्तर में कौन हुआ ? वह तुम हो, क्योंकि तुम साक्षी हो। तुम्हारे अन्तर जो कुछ उत्पन्न होता है— रूप, रंग, शब्द या प्रकाश यह तम्हारे शरीर के कारण उत्पन्न होते हैं।

तुम उससे अलग हो अपने शरीर में। इसी प्रकार यह जो सारा ब्रह्माण्ड है, इसका आधार मालिक वह है जो सुरत का भण्डार है। उसको बोलते हैं अकाल पुरुष, परम तत्व।

अब मैं अपने शरीर में कोशिश करता रहता हूं उस मालिक से मिलने की। चूंकि ज्ञान हो गया है कि शब्द मेरे अन्तर है, मैं जब चाहूं शब्द को सुनूं, प्रकाश को जब मैं चाहूं देखूं, जब न चाहूं न देखूं। गुरु के स्वरूप को चाहूं बनाऊं, जब चाहूं न बनाऊं। जब मेरा जी चाहे नेक बनूं, मेरा जी चाहे न बनूं। मेरा जी चाहे पापी बन जाऊं, मेरा जी चाहे मैं नेक बन जाऊं। जो वस्तु मेरे अन्तर में देखने वाली है मैं उसको ढूंढता हुआ मैं ही गुम हो जाता हूं। जहां मैं अपना आपा गंवा देता हूं तो शेष क्या रह जाता हैं ? कबीर साहब की जुबानी सुनो। मैंने तुमको अपना अनुभव बताया है कि मैं किस ढंग से चला हूं।

जो रूप बनते हैं वह तो मुझ को निश्चय हो गया कि मेरी प्रकृति है। तुम लोग मेरे गुरु हो कि तुमने मुझे बता दिया। कल ही शाम को एक स्त्री बैठी हुई थी। यहाँ भी कहीं सत्संग में होगी। वह कहती है बाबा जी! मुझे साहब जी महाराज से उपदेश लिए

25 वर्ष हो गए। सब कुछ भूल गई थी। दुःखी रहती थी। मैंने सोचा था कि जो कोई होगा गुरु, मुझे बुलायेगा। रात को साढ़े बारह बजे आप आ गये। मैं उसके अन्दर प्रगट हुआ। उसको आदेश दिया कि तू सत्संग में आजा। वह कहती है मैं बीमार थी मगर मैं सत्संग में आ गई। अब मैं सच कहता हूं कि मैं उस स्त्री को जानता भी नहीं कि वह कौन है। तब ही तो मैं कहता हूं कि मैं इसीलिए संसार में सन्त सत्गुरु वक्त प्रगट हुआ हूं कि तुम लोगों को ऐसी बातें कह कह कर तुमको मौजूदा मतों ने मूर्ख बनाया हुआ है और तुम्हारे धन दौलत को लूटा हुआ है। मैं गलत नहीं कह रहा हूं। मैं वक्त का गुरु हूं सच्चा ज्ञान देता हूं ताकि तुमको चेत हो जाय।

तो वह जो साक्षी है अथवा मालिक है क्या निकला? मालिक तो वह अवस्था है जहां मैं खोजता हुआ चला जाता हूं और मैं ही नहीं रहता। फिर मालिक तो अरूप है, अरंग है, अनामी है। उसका कोई नाम नहीं। न वह मन है, न वह बुद्धि है, न चित्त है, न अहंकार। न वह देह है। यह मेरी रिसर्च (खोज) ने सिद्ध किया है। मैं आँख खोल कर चला हूं इस मार्ग पर। यह मेरे जीवन का अनुभव है। यही अनुभव कबीर का है। इसीलिए मैं कबीर हूं। मैं सच कह रहा हूं कि मैं कबीर हूं। तुम कहोगे कि तुम यह क्या कहते हो? बकते हो। मैं बकता

नहीं किन्तु सच कहता हूं। मैं कहता हूं मैं कुछ नहीं क ता, किसी के अन्दर नहीं जाता। जो कुछ तुमको मिलता है तुम्हारे अपने कर्म का फल है। यही कबीर का कथन है—

न कुछ किया न कर सका, न करने योग शरीर।
जो कुछ किया सो हरि किया, भयो कबीर कबीर॥

मैं यह कहता हूं कि मैं कुछ नहीं करता, किसी के अन्दर नहीं जाता, न फूंक मारता हूं, न मेरे पास कुछ है। तुमको जो कुछ मिला है, मिलेगा या मिला, यह तुम्हारे अपने ही कर्म का, अपने ही मन का, अपने ही श्रद्धा विश्वास का तथा अपने ही भाव का फल मिला। मैं देने वाला कौन हूं? मेरे जिम्मे ड्यूटी है ज्ञान देना सच्चो बात तुमको बता देना, तुम्हारे संशय भ्रमों को मिटा देना। वह मैं कहता हूं। जो दुनियां में यह मानते हैं कि बाबा फकीर रात को स्वप्न में दर्शन दे गए यह सब गलत है। पाखण्ड का जाल है। यदि मैं अपने आपको कबीर कहता हूं तो क्या गलत कहता हूं? कबीर भी तो यही कह गए।

न कुछ किया न कर सका, न करने योग शरीर।
जो कुछ किया सो हरि किया, भयो कबीर कबीर॥

हरि मन है । ब्रह्माण्डीय मन (Universal mind) है । तुम्हारा मन हरि हैं । जैसी तुम्हारी आशा है जैसी तुम्हारी वासना है, जैसे तुम्हारे भाव हैं, जैसा तुम्हारा आचरण है, जैसा तुम्हारा कर्म है, वैसा फल तुम को मिलेगा । ध्यान से सुनना। कबीर का शब्द हैं—

सखिया वा घर सबसे न्यारा
जहां पूरन पुरुष हमारा ॥ टेक ॥
जहं नहिं सुख दुःख सांच झूंठ नहिं,
पाप न पुन्न पसारा।
नहिं दिन रैन चन्द नहिं सूरज,
बिना जोति उजियारा ॥ 1 ॥
नहिं तहं ज्ञान ध्यान नहि चुप तप,
वेद कितेब न बानी।
करनी धरनी रहनी गहनी,
ये सब उहां हिरानी ॥ 2 ॥
बर नहिं अधर न बाहर भीतर,
पिण्ड ब्रह्माण्ड कछु नाहीं।
पाञ्च तत्व गुन तीन नहीं
तह साखी शब्द न ताहीं ॥ 3 ॥
मूल न फूल बेलि नहीं बीजा,
बिना वृच्छ फल सोहे।
ओअं सोहं अर्ध उर्ध नहिं,
स्वासा लेख न कोहे ॥ 4 ॥

नहिं निर्गुन नहिं सगुन भाई,
नहिं सूक्षम अस्थूल।
नहिं अच्छर नहिं अवगत भाई,
ये सब जग के भूल ॥ 5 ॥

जहां पुरुष तहवां कछु नाहीं,
कहै कबीर हम जाना।
हमारी सैन लखे जो कोई,
पावै पद निरबाना ॥ 6 ॥

अब तो मेरे जीवन की रिसर्च (खोज) थी वह कबीर ने सिद्ध कर दी। यदि मुझे अपने मान आदर की, धन-दौलत की आवश्यकता होती तो जिस तरह दूसरे लोगों ने पर्दा रक्खा मैं भी बात को पर्दे में रखता। अपनी गद्दियां बना जाता, मोटरें खरीद के चला जाता। अपनी कोठियाँ बना जाता। अब जो कुछ मेरा अनुभव है वही कबीर ने सिद्ध कर दिया। अब राधास्वामी मत की वाणी सुनो—

जेठ महिना जेठा भारी।
हरिदे जीवन तपन करारी ॥

तपन क्या है? जीव मिलना चाहता है। जीवन कुछ चाहता है। सुरत कहीं जाना चाहती है। सुरत को किसी वस्तु को मिलने की चाह है। इस चाह का नाम

है तपन। लोग उस मालिक की खोज में या दुनियां के सुख की खोज दौड़ते है। वह तपन है उनकी।

सन्त दयाल दीन हितकारी।
भेद कहें अब निज कर भारी॥

राम के मिलने को जीव तपन करता है। कोई साधु बनता है, कोई तपस्या करता है, कोई धूनो रमाता है, कोई योग करता है, कोई जप, तप तीर्थ ब्रत करता है। सन्त दयाल है। ऐसे जीवों को जो उस शान्ति को, मालिक को मिलने के लिए अनेक प्रकार के साधन करते हैं उनको भेद बताते हैं कि असलियत क्या है? मैं रहस्य ही बताता हूं। अब उस माई के अन्दर रात्रि के ढाई बजे बाबा फकीर प्रगट हुआ। वह भ्रम में है, भूल में है, अज्ञान में है। बुखार की दशा मे घर से रुपया खर्च करके यहां आई है। शायद पांच रुपया उसी में हमारे भी हों कि इतनी भेण्ट हो बाबा फकीर की, इसलिए कि बाबा फकीर रात्रि को ढाई बजे उसके अन्तर उसे बुलाने के लिए गया।

(क्रमशः)

सत्संग

परमसन्त सद्गुरु हिज़ होलीनेस

हज़ूर मानव दयाल जी

डा॰ ईश्वर चन्द्र शर्मा जी महाराज

हैदराबाद (आं. प्र.)

दिनांक : 7-2-1992

शब्द

तू दया का रूप प्यारे, तू दया भण्डार है ।
कर दया दृष्टि दयामय, तुझ ही से अधिकार है ॥

सन्त सतगुरु तुझको कहते हैं नहीं हूं जानता ।
मेरे अनुभव में दया करुणा का तू भण्डार है ॥

मेरे दाता शीश पर मेरे दया का हाथ रख ।
तू है दानी दीन बन्धु, जगत् का दातार है ॥

मेरे अन्तर में समाया, मेरे साँसों साँस में ।
तू है व्यापक यह समझ दे, सच्चा जो अधिकार है ॥

आस रखकर गुरु दया की, नित करो अभ्यास तुम ।
रात दिन पल क्षण तुम्हारा वह सदा रखवार है ॥
छोड़ो ममता छल कपट चतुराई, गुरु से स्नेह जोड़ ।
भक्ति उसकी कर, वह सच्चा प्रेम का भण्डार है ॥
राधास्वामी राधास्वामी राधास्वामी नित सुमरि ।
राधास्वामी सर्व रक्षक, सर्वदा हितकार है ॥

—:00:—

गुरुर्देवं जगद्व्याप्तं, ब्रह्मा विष्णु शिवात्मकम् ।
गुरु परतरम् नहि निञ्चित, तस्मै श्री गुरुवे नमः ॥
मानव धर्मस्य धातारम्, दाता दयालस्य प्रियतमम् ।
सन्त धर्मस्य गोप्तारम्, फकीरम् वन्दे जगद्गुरुम् ॥

राधास्वामी !

मेरी अपनी ही आत्मा के स्वरूप, सद्गुरु रूप, उपस्थित प्यारे सत्संगी भाइयो और बहनो ! हैदराबाद के इस सत्संग के अवसर पर यह तीसरा सत्संग है, और इसके बाद सायंकाल का सिल्वर जुबली का सम्मेलन अंजैया हाल में होगा ।

इस सत्संग के लिए दातादयाल जी महाराज का जो शब्द पढ़ा गया है, वह बहुत ही मार्मिक है । गुरु मत है और गुरु परम्परा आदि काल से

रही है। उपनिषद् काल के उन ऋषि-गुरुओं के समय से वशिष्ट, वेदव्यास, शुकदेव जी आदि की परम्परा गुरुमत परम्परा रही है। राधास्वामी मत कोई नया नहीं है। यह उसी सनातन धर्म के विकास की अन्तिम सीढ़ी है जो हर युग में मौजूद था। तभी तो समय के अनुसार सद्गुरु अवतार लेते रहे हैं। और कृष्ण ने तो कह ही दिया—

"यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानम धर्मस्य तदात्मनं सृजाम्यहम्" ॥

उन्होंने अर्जुन को कहा— "हे अर्जुन, यह सुरत-शब्द योग पराभक्ति का ही रहस्य है। मैंने सबसे पहले यह योग विवस्वान को बताया था"। (विवस्वान का अर्थ सूर्य है। वैसे विवस्वान एक बहुत महान् राजा भी हुए हैं)। इन विवस्वान ने आगे चलकर यह रहस्य मनु को बताया, और मनु ने इक्ष्वाकु को बताया। इक्ष्वाकु के द्वारा राजर्षियों में यह योग प्रचलित हुआ। इस योग के द्वारा उन्होंने परमतत्व को प्राप्त किया। वही योग मैं तुम्हें आज बता रहा हूं"।

अर्जुन के मन में सन्देह उत्पन्न हुआ। उसने कहा, "महाराज, विवस्वान तो बहुत पहले हुए थे, और आप तो अब हुए हो। मैं कैसे मान लूं कि आपने विवस्वान को यह योग बताया था"?

श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सम्बोधित करके कहा—

"परित्राणाय साधूनां, विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्म संस्थापनार्थाय, सम्भवामि युगे युगे"॥

वास्तव में सद्गुरु तो परम तत्व मालिके कुल ही है जो न पैदा होता है, न मरता है। वह तो जगत् का कर्त्ता है, प्रतिपालक है, और वह ही समस्त रचता को अपने में समाविष्ट कर लेता है। यह सब उसको ही लीला है, मौज का खेल है। कोई सवाल कर सकता है कि उस मालिक में यह सब रचना क्यों की? उसे क्या जरूरत थी यह तमाशा देखने की? हम जीवों को दुःख में तड़पने की क्या आवश्यकता थी उसे? ऋषियों और चिन्तकों ने इस प्रश्न का जवाब एक सभा में दिया है। किसी ने कहा कि यदि रचना उसकी लीला है, तो इस लीला का कोई मकसद होना चाहिए। लीला कहते हैं खेल को। खेल का कोई मकसद नहीं होता। बच्चा खेलता है। खेलने में उसे आनन्द मिलता है। उसका कोई लक्ष्य नहीं है। खेल तो स्वलक्ष्य है। वह अपना लक्ष्य आप है। इस सिद्धान्त पर भी विचार किया गया। और पाया गया कि बच्चे के अन्दर जरूरत से अधिक शक्ति होती है। शक्ति प्राचुर्य एक सिद्धान्त ही हैं। जब शक्ति अधिक हो जाती है तो वह इस शक्ति प्राचुर्य का उपयोग खेल में करता है। इस दृष्टि

से परम तत्व सर्वाधार अपने आप में पूर्ण है। उसे किसी प्रकार की जरूरत नहीं। एक दृष्टि से यह रचना उसकी वासना से होती है। हम जो कुछ भी रचना करते हैं, पहले उसकी वासना होती है। उस वासना की पूर्ति के लिए हम रचना करते हैं। वासना शब्द का प्रयोग मालिक के लिए करना ग़लत बात है। क्योंकि वासना में एक प्रकार की कमी का बोध होता है। वासना के बजाय हम उसे मालिक की मौज कहते हैं। जब परम तत्व के सागर में हिलोर आती है तो उसकी शक्ति प्राचुर्य उफन कर छलकने लगती है, और इसी क्रम में जगत् की सृष्टि हो जाती है। ऋषियों ने चिन्तन से यह रहस्य खोज निकाला। मालिक के अन्तर में एक हिलोर उठी— 'एकोऽहम् बहुस्याम्' और परिणाम स्वरूप यह रचना हो गई। और फिर रचना के आधिक्य से उसमें विचार उठा कि फिर एक हो जाऊं, तो सारी सृष्टि उलट कर फिर उसी में विलीन हो गई। यह उस परम सत्ता का स्वभाव लीला है। जैसे एक हीरे का स्वभाव है कि वह अपने अन्दर से किरणें बिखेरता है और फिर अपने अन्दर ही उन्हें समेट लेता है। जब परम तत्व से धारा निकलती है तो अनेक मण्डलों की रचना हो जाती है— ओं भूर्भुवः स्वः महः जनः तपः सत्यं आदि कोटि-कोटि ब्रह्माण्ड और जीव-जगत् उसमें आ जाते हैं। उसी परम आधार मालिक से हम सब निकल कर आए यहां पर यह

देखने के लिए कि मालिक ने कितना सुन्दर संसार रचाया है। जहां कुछ नहीं था, कोई देश-काल-दिशायें नहीं थीं। न भौतिक जगत् था, न मनोमय जगत् था, न प्राणमय कोष था, न विज्ञामय कोष, न आनन्दमय कोष। कु छ भी नहीं था। मालिक उन्मुनी अवस्था में अपने आप में गुप्त था— अपनी ज़ाते पाक में, निज स्वरूप में अविगत अवस्था में था, जिसके अन्दर कोई विचार, भाव आदि नहीं थे। वह अजर अमर अविनाशी विशुद्ध प्रेम का भण्डार है। दाता दयाल ने उस रूप को इस तरह कहा है—

'सन्त सद्गुरु तुझको कहते हैं. नहीं हूं जानता।
मेरे अनुभव में दया करूणा का तू भण्डार है'॥

अब आप मानो या न मानो, वह मालिके कुल, जिसे आप सद्गुरु मानते हो, वह आप सबके अन्दर भी मौजूद है। वह दया और करूणा भी उस ज़ाते मुतलक सर्वाधार में नहीं है। यह दया और करूणा तो उसमें उस वक्त होती है जब वह शरीर धारण करके सन्त सद्गुरु के चोले में अवतार लेता है। तभी वह दया-करूणा का भण्डार होता है।

'कर दया दृष्टि दयामय,
तुझको ही अधिकार है'।

जब हम उस प्रियतम की ज़ात में समाए हुए होते हैं

तब उस अवस्था में 'मैं और तू", "एक या दो" नहीं होते। वहां अलगाव या दो-पता या अनेकत्व नहीं होता। आप उसे अनन्त कहो, अनादि कहो, अनामी कहो, चेतना-भण्डार कहो, या कुछ भी कहो। मैं उसको प्रेम का भण्डार, प्रेमसागर मानता हूं। और उसने यह जगत् बनाया ही इसीलिए है कि उससे अलग होकर हम उससे फिर मिलकर एक होने के लिए तड़पें और हमें अनुभव हो कि प्रेम-तत्व क्या वस्तु है? हम इस संसार में दुःखी होकर फिर उस आधार की ओर लौटते हैं और उसमें मिलकर एक हो जाते हैं। प्रेम का वास्तविक मूल्य-महत्व हमें तब मालूम होता है जब हम उससे बिछुड़ कर अलग होते है। जब हम उस मालिक से बिछुड़ कर इस जगत् में आए तब हमें उसकी याद आई और तब हमें उसका मूल्य उसको महिमा का पता लगा। इस प्रकार यह जगत् प्रेममय हैं, प्रेम के लिए बनाया गया है, और प्रेम का अनुभव कराने के लिए वनाया गया है। यह संसार प्रेम का ट्रेनिंग ग्राउण्ड, प्रेम को पाठशाला है। यहां आकर ही हमें पता चलता है कि हमारा सच्चा प्रियतम कौन और कहां है? उस प्रियतम का प्रेम और प्रेम की तड़प हमारे अन्दर कुदरतन मौजूद है। प्रेम के भी अनेक रूप हैं। नफरत और ईर्ष्या भी प्रेम के ही रूप हैं। मैंने आपको कल बताया था कि यह जगत् परमाणुओं से वना है। विज्ञान हमें बताता है कि परमाणु के अन्दर एक केन्द्र होता है जिसके चारों ओर पाजिटिव-निगेटिव (आकर्षण-विकर्षण)

शक्तियां परिक्रमा करती रहती हैं। यह कारण है कि प्राणी में प्यार और नफरत दोनों रहते हैं। और इनको बनाए रखने वाली जो शक्ति है— एलेक्ट्रान-प्रोटान के बीच न्यूट्रान है।

'गुरुर्देवो जगत् व्याप्तम्,
ब्रह्मा विष्णु शिवात्मकम्'।

गुरु परम तत्व सारे जगत् में व्यापक और मौजूद है। ब्रह्मा, विष्णु और शिव के रूप में, सृष्टि–स्थिति—प्रलय के रूप में व्याप्त है। 'गुरु परतम् नहिं किञ्चित'। गुरु से परे और कुछ भी नहीं है। वह गुरु—सद्गुरु जिसने यह जगत् बनाया, प्रेममय है। इसीलिए मैं कहता हूं कि नफरत भी प्रेम है। आप कैसे मानोगे कि नफरत प्रेम है? जब आप किसी से नफरत करते हैं तो वास्तव में आप चाहते हैं कि उसके अन्दर कोई बुराई या गलती न रहे। नफरत के रूप में आप दरअसल उससे प्रेम कर रहे होते हैं। मालिक ने यह जगत् बनाया ही प्रेम के लिए, और मालिक के मिलने का एकमात्र रास्ता प्रेम का रास्ता है। प्रेम की पराकष्ठा ही मालिक या परमेश्वर है।

'सन्त सतगुरु तुझको कहते हैं, नहीं हूं जानता।
मेरे अनुभव में दया करुणा का तू भण्डार है'॥

वह सद्गुरु जो दया और करुणा का भण्डार है, परम

तत्वधार है, और सारे जगत् में व्यापा हुआ है, हमारे सबके अन्दर भी मौजूद है। जब उसने देखा कि उसके ही अंश उससे बिछुड़ कर संसार में आकर दुःखों में फंस गए है और छुटकारा पाने का रास्ता उन्हें नहीं पता चल रहा, तो वह परम तत्व स्वयं ही सद्गुरु के रूप में यहाँ आया। तुम उसे ढूंढ़ रहे हो, और वह तुम्हें ढूंढ़ रहा है। तभी तो कहा है—

'यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानम धर्मस्य तदात्मानम् सृजाम्यहम्॥

जब-जब धर्म की हानि होती है, जब प्रेम आविभूत हो जाता है, और ईर्ष्या-द्वेष बढ़ जाता, तब-तब मैं अवतार लेकर अपने आपको प्रकट करता हूं।

एक राजा था उसका वज़ीर बड़ा ईश्वरपरायण था। वज़ीर राजा से कहा करता था कि परम तत्व सर्वाधार हमें जगाने के लिए हर समय स्वयं अवतार लेता है। राजा कहता कि यह कैसे हो सकता है? जब उसके 33 कोटि देवी-देवता हैं तो वह स्वयं अवतार ले, यह कैसे हो सकता है"? वज़ीर बोला, "महाराज, मैं आप के प्रश्न का उत्तर समय पर दूंगा"। कुछ दिनों बाद राजा वज़ीर के साथ नौका की सैर करने गया। वज़ीर ने राजा के छोटे कमार की शक्ल का एक पुतला बनवा

लिया था। उसे साथ ले लिया। जब नौका मझधार में पहुंची तो वज़ीर ने अचानक कुमार का पुतला नदी में गिरा दिया, राजा ने समझा कि उसका बेटा पानी में गिर गया, और वह तुरत उसे निकालने के लिए स्वयं नदी में कूद पड़ा और देखते-देखते उसे बाहर निकाल लाया। बज़ीर ने कहा, "महाराज, मेरे और इतने सेवकों के होते हुए, कुमार के नकली पुतले को बचाने के लिए, आपने किसी को नहीं कहा, और स्वयं ही मझधार में कूद पड़े। फिर मालिक तो हम सब का पिता है, और हम सब उसकी सच्ची सन्तानें हैं। हमें उबारने के लिए वह मालिक देवी-देवताओं को न भेज कर, स्वयं अवतार लेता है तो इसमें आश्चर्य क्या है? राजा समझ गया और वज़ीर की बात मान गया।

'परित्राणाय साधुनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे'॥

साधारणतया लोग इसका अर्थ करते हैं कि साधुजन की रक्षा के लिए और दुष्टों का नाश करने के लिए, तथा धर्म की स्थापना के लिए, मालिक हर युग में अवतार लेते हैं। किन्तु इसका सही अर्थ वह है कि साधुजन की रक्षा दुष्कर्मों का विनाश करने के लिए मालिक हर युग में अवतार लेता है।

मेरे एक विद्यागुरु ईसाई थे। उनका मुझ पर बड़ा

स्नेह था। एक बार वह मुझे गिरजाघर ले गए जहां उनका प्रवचन हुआ। प्रवचन में उन्होंने कहा कि ईसामसीह कृष्ण से श्रेष्ट हैं क्योंकि ईसा ने कहा है, "मैं गुनहगारों के लिए आया हूं, मैं दुष्टों के लिए आया हूं"। मगर भगवान कृष्ण ने तो कहा है कि, "मैं साधुओं के त्राण के लिए और दुष्टों का विनाश करने के लिए आया हूं"। इस प्रकार ईसा का आदर्श श्री कृष्ण के आदर्श को निस्बत ऊञ्चा है और ईसा का प्रेम आदर्श प्रेम है। इसलिए ईसाई धर्म श्रेष्ठ है। मेरे विद्यागुरु का अनुमान था कि मैं ईसाई धर्म अपना लूंगा। पर इसकी जरूरत नहीं, क्योंकि सनातन धर्म में, ईसाई धर्म तों क्या, सभी धर्मों का आदर्श मौजूद है। जब उन्होंने प्रवचन समाप्त किया तो मैं उठ खड़ा हुआ और बोला, "मैं भी कुछ कहना चाहता हूं"। गो मेरी अवस्था उस समय मन्त्र पन्द्रह वर्ष की थी, मैं स्टेज पर आया और बोला, 'गुरु जी ने यह कहा है कि भगवान कृष्ण साधुओं की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए आए—

'परित्राणाय साधुनां विनाशाय च दुष्कृताम्'।

इसका वास्तविक अर्थ यह है कि ये साधुओं के उद्धार के लिए तथा दुष्कर्मों का नाश करने के लिए आए। फिर भी अगर गुरु जी की बात मान भी ली जाए तो नवें अध्याय में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है—

'अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः'॥

अर्थात् जिसे आप अत्यन्त दुराचारी समझते हैं, यदि वह भी अनन्य भाव से मेरा भक्त होकर मुझे भजता है, मुझ से प्रम करता है तो वह साधु ही मानने योग्य है। इस प्रकार दुष्कर्म करने वाले को भी अपनी भक्ति में लगाकर साधु बना देना कोई मार-काट की बात नहीं है।

यह गुरु मत की परम्परा ऋषियों के समय से ही चली आ रही है। सद्गुरु बार-बार आता है—

'नाना भान्ति राम अवतारा।
रामायण शत कोटि अपारा॥

परम तत्व सर्वाधारा मनुष्य के चोले में बारम्बार आकर भान्ति-भान्ति की लीलायें करता है, अनेक रूपों में आता है। करोड़ों ब्रह्माण्डों के करोड़ों ब्रह्मा, विष्णु, शिव है, मगर राम एक है। वह दया—करूणा का भण्डार तभी होता है जब वह मनुष्य के चोले में आता है। भाव-अनुभाव आदि मनुष्य के चोले में ही होते हैं। देवताओं के भाव-अनुभाव नहीं होते। देवता तो निष्ठुरता से अपना स्वार्थ पूरा करते चले जाते हैं। प्रेम की पराकष्ठा तो वह मनुष्य चोले से में आकर ही दर्शाता है और

उसके मानव रूप से ही मनुष्य सच्चा प्यार कर सकता है—

'मेरे दाता शीश पर मेरे दया का हाथ रख ।
तू है दानी दीन बन्धु, जगत् का दातार है' ॥

उसकी दया तो हर समय मौजूद है। पर उसे लेने वाला पात्र होना चाहिए।

'फैज़ का दर हैं खुला, बन्द नहीं वह हर्गिज़ ।
शर्त है मांगने वाला कोई सायल आए' ॥

वह तो देने के लिए सदा तैयार बैठा है। कोई तड़प भरे दिल से मांगने तो आए। लोग कहते हैं कि सच्चा गुरु नहीं मिलता। मैं कहता हूं कि सच्चा शिष्य नहीं मिलता। सद्गुरु तो जगत् के अन्दर भी मौजूद है और जगत् के परे भी मौजूद है। जब वह इस जगत् में आया तो शिष्य बनकर आया।

'पहले दाता शिष्य भया, जिन तन मन अरपा शीष।
पीछे दाता गुरु भया, जिन नाम दिया बख्शीश।।

पहले तो शिष्य अपने प्रियतम प्यारे सद्गुरु को रिझाने के लिए अपने तन बदन को परवा नहीं करता, मन की कामनाओं को गुरु के लिए कुरबान कर देता है, और आत्मा के आनन्द की भी परवा नहीं करता। जब

शिष्य इस हद सक त्याग करता है, तब सद्गुरु रीझ कर उसे नाम की बख्शिश प्रदान करता है। नाम क्या है? नाम वह अवस्था, वह हालत है, जहाँ पहुंचने के बाद "मैं" और "तू" दोनों समाप्त हो जाता है। जहां प्रेमी और प्रियतम दोनों मिलकर एक हो जाते हैं। राधास्वामी हालत का नाम ही है नाम। नाम की बख्शिश कैसे दी? शिष्य की सेवा परिश्रम की ऐवज़ या उसके बदले में नाम नहीं दिया जाता। नाम तो सद्गुरु दया से द्रवित होकर बख्शिश के तौर पर एक प्रकार से दान देता है। नाम दान सबसे महान् दान है। यह अभय दान हैं जिसकी कोई कीमत नहीं चुकाई जा सकती। शिष्य गुरु का दास होकर स्वयं मालिक बन जाता है। इसलिए सन्तमत की परम्परा में गुरु शिष्य को सम्मान देता है।

'शिष्य नवे जो गुरु को, यह जाने सब कोय।
गुरु नवे जब शिष्य को, बिरला जाने कोय'॥

प्रकाश में रहने वाला गुरु होता है। शब्द और सत की अवस्था में जो रहता है वह सद्गुरु है। वह दुःख-सुख, हानि-लाभ, जय-पराजय, निन्दा-स्तुति आदि हर प्रकार के द्वन्द्वों से ऊपर उठा हुआ है। उसकी दृष्टि में न कोई बुरा है, न अच्छा है। वह समता की अवस्था में रहता है।

'कबिरा खड़ा बजार में, सबकी मांगे खैर।
ना काहू से दोस्ती, ना काहू से वैर'॥

सद्गुरु स्वभावत: अपने अनुभव को बांटता हैं। पर उसकी दया योंही नहीं मिलती है वह तब मिलतो है जब आप प्रेम करते हैं। प्रेम आप का सवाल है और दया सद्गरु का जवाब है। प्रेम के उत्तर में दया मिलती है। इसलिए परम तत्वाधार सद्गुरु जगत् का दातार है। सबको सब कुछ देने वाला है। सत्गुरु सत् में रहने वाला है। सत् की अवस्था में कोई "मैं"—"तू" नहीं है। सद्गुरु सत् को ही शिष्य में, और शिष्य में सत् को देखता है। जब तक ऐसा नहीं है तो वह सत्गुरु कैसा? इसलिए—

'गुरु नवे शिष्य को, बिरला जाने कोय'।

इसलिए जो अनुभवी गुरु होता है, वह शिष्य के चरणों में अपना सिर रखकर कह देता है, "तू मेरा सत्गुरु का स्वरूप है। परम दयाल जी महाराज ने दाता दयाल जी महाराज से कहा, "महाराज, मुझे आप वह गुरु रूप दिखाओ जो प्रकाश और शब्द से परे का हैं"। दाता ने कहा, "फ़कीर कल सुबह मैं तुम्हें वह रूप दिखाऊंगा"। दूसरे दिन प्रातःकाल जब परमदयाल जी महाराज दाता के पास गए तो दाता ने उन्हें फूलों की माला पहना कर माथे पर तिलक लगा दिया और एक

नारियल, पाँच पैसे उनके हाथों में रखकर उनके चरणों में अपना शिर नवा दिया ओर बोले, "फ़कीर, तू वक्त का सन्त सत्गुरु हैं। मेरा हुक्म मानो, लोगों को सत्संग कराया करो और नाम दिया करो। राधास्वामी दयाल तुम्हें सत्संगियों के रूप में मिलेंगे"।

गुरु-शिष्य का ऐसा अद्भुत सम्बन्ध दुनियां में कहीं भी हमें देखने को नहीं मिलता। दाता लिखते हैं—

'ना मैं राम कृष्ण का सेवक, ईश ब्रह्म नहि जानुं।
मैं तो नाम फ़कीर दिवाना, सबसे बढ़कर मानूं॥
जो फ़कीर मोहि दर्शन देवे, अपना भाग्य सराहूं।
अपने तन के चाम की जूती, पग फ़कीर पहनाऊं॥'

दाता ने अपने शिष्य के लिए क्यों कहा ऐसा ? क्योंकि वे सत् के अन्दर रच गए थे। वे स्वयं परम तत्व थे। ऐसा ही सद्गुरु अपने शिष्य के रूप में निज रूप को देखता है मैंने जब "सिद्ध सत्पुरुष फ़कीर बाबा" पुस्तक लिखी और उसके तीन अध्याय महाराज जी के पास भेजे तो महाराज जी ने मुझे खत लिखा— "शर्मा, मैं तीन महीने के दौरे से आज ही वापस लौटा हूं। तुम्हारे तीन अध्याय मुझे पढ़कर सुनाए गए। मैं सुन कर कहीं का कहीं पहुंच गया। अब मुझे यह आभास हो गया कि तेरी ज़ाते पाक के ज़रिये यह सत्यता धर्म (मानवता) दुनिया में फैलेगा ! फैलेगा !! फैलेगा !!! जो संस्कार दाता ने दिये

थे, वह तेरे द्वारा परिपूर्ण हो रहे हैं। अब मैं बहुत खुश हूं। अगर इसी समय मैं चोला छोड़ दूं तो मुझे कोई अफसोस न होगा'। एक पत्र में उन्होंने लिखा, 'इस बार बैसाखी पर तू जरूर आना। **I am waiting for Your Holiness.** मैं आप महाराज की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मैं अपना सिर आपके कदमों में रखता हूं'। परम तत्व सर्वाधार मेरे कदमों में अपना सिर रख रहा है। लेकिन उनका प्रेम देखो। जो परम अवस्था का अनुभव कर चुका हो, वही ऐसा कह सकता है। मैं जो आप सत्संगियों को "सद्गुरु रूप" कहता हूं तो यों ही नहीं कहता। मुझे आपके अन्दर साक्षात् सत्गुरु रूप दृष्टि-गोचर होता है। इसीलिए हमारी परम्परा में गुरु शिष्य को नवता है। गुरु शिष्य को नहीं बनाता, शिष्य गुरु को बनाता है। 'उल्टा मारग सन्तमता है'।

'मेरे अनुभव में दया करुणा का तू भण्डार है'।

मनुष्य चोले में आ करके ही सद्गुरु दया-करूणा का भण्डार होता है। परम तत्वाधार, जो हमारा आदर्श है, वह दया-करूणा का भण्डार नहीं हैं। न ही वह हमारे काम का है। नर शरीर में आकर ही वह हमारे काम का है। इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है—

'बन्दौं गुरुपद कंज, कृपासिन्धु नर रूप हरि।
महामोहतम पुञ्ज, जासु बचन रविकर निकर' ॥

प्रेम जब भी होगा हम जिन्स से ही होगा। मनुष्य का प्रेम देव योनि से नहीं हो सकता।

गुरु के कमलवत चरणों को नमस्कार करने का भाव यह है कि ज्यों ही तुम चरणों में झुके कि तुम्हारा अहंकार गया। और ज्यों ही अहंकार गया, तुम तुरत ब्रह्म ऋषि हो गए। यही तो झगड़ा था विश्वमित्र और वशिष्ठ में। वशिष्ठ ब्रह्म-ऋषि थे क्योंकि वह सबमें परम तत्व की झलक देखते थे। लेकिन विश्वमित्र ब्रह्म-ऋषि नहीं थे। वे तप के बल से सिद्धि शक्ति के अहंकारी थे। इसलिए उन्हें राजर्षि कहा जाता था। विश्वमित्र वशिष्ठ को कहते कि आप मुझे ब्रह्म ऋषि कह दो। वशिष्ठ कहते कि तुम अभी ब्रह्मऋषि नहीं हुए तो मैं कैसे कह दूं? इसी झगड़े के कारण विश्वमित्र ने वशिष्ठ की गौवों को को नष्ट कर दिया और उनकी सन्तानों को मार डाला। एक बार रात के समय वशिष्ठ ने अपनी पत्नी को भोजन बनाने को कहा। पत्नी ने कहा कि घर में नमक नहीं है। वशिष्ठ ने कहा कि पड़ोस में विश्वमित्र जी हैं, उनके घर से उधार मांग लाओ। पत्नी बोली— "मैं आपके शत्रु से भला उधार मांग सकती हूं"? वशिष्ठ बोले— "भाई वह तो हमारे मित्र हैं। हमारा उनका झगड़ा तो केवल सिद्धान्तों का है, न कि शत्रुता का। वह तो

विश्व के मित्र, गायत्री मन्त्र के रचयिता और महान तपस्वी हैं"। उसी समय विश्वमित्र हाथों में पत्थर लिए वशिष्ठ को जान से मार डालने के लिए छिपे खड़े थे। वशिष्ठ के मुख से ऐसे सम्मान के शब्द सुनते ही हाथों का पत्थर एक तरफ फेंका और वशिष्ठ के चरणों में जा गिरे। वशिष्ठ ने तुरत उन्हें उठाते हुए कहा—"हे मेरे प्यारे ब्रह्मर्षि बिश्वमित्र उठो"। विश्वमित्र बोले— "महाराज, आपने मुझे ब्रह्मर्षि कहा!" वशिष्ठ बोले— "हाँ कहा!" विश्वमित्र बोले— "अगर पहले ही कह दिया होता तो मैं कभी आपकी गौवों और सन्तानों को नष्ट न करता"। वशिष्ठ बोले— 'पहले तो तुम ब्रह्मर्षि नहीं थे। आज तुम ज्यों ही चरणों में झुके, तुम्हारा अहंकार मिट गया, और तुम ब्रह्मर्षि हो गए"।

गुरु के चरणों में नमन करने से आप का अहंकार चला जाता है। और जब आप मालिक पर विश्वास करते हैं तो मालिक आपको ऊपर उठा लेता है। तभी कहा गया है—

"बन्दौं गुरु पद कंज, कृपा सिन्धु नर रूप हरि।
महामोह तुम पुञ्ज, जासु बचन रविकर निकर"॥

मालिक जब नर रूप में आता है तो वह कृपा-सिन्धु होता है। सत्गुरु के वचन रूपी सूर्य की किरणों से जीव का घनघोर अज्ञान रूपी अन्धकर नष्ट हो जाता है और

ज्ञान का महा प्रकाश हृदय में उदय हो जाता है। मोह समाप्त हुआ नहीं कि तुम पुण्य-पाप आदि द्वन्द्व अवस्था से ऊपर उठे नहीं।

'मेरे अन्तर में समाना, मेरे सांसों-सांस में ।
तू है व्यापक यह समझ दे, सच्चा जो अधिकार है' ।

यही इच्छा है कि मालिक हमारे हृदय में समा जाएं। वैसे तो हम उनके अन्तर समाए हुए हैं। पर व्यापकता की समझ हमें तब आती है जब हम पूर्ण रूप से अपने आपको गुरु के शरणागत कर देते हैं। प्रेम के अन्तर्गत दो बातें होती हैं— प्रथम तो यह कि प्रेमी अपने आपको भूल जाता है । दूसरा यह कि वह अपने प्रियतम का ही रूप (तद्रूप) हो जाता है। सत्संगत के चार दर्जे होते हैं—

1. पहले तो सत्संगी कौतुक वश आता है और सत्संग में दूर ही बैठता है और केवल वहां का माहौल दूर से देखता है। जिस तरह गंगा के किनाते रहने वाले पण्डे गंगा में नहीं नहाते बल्कि अपने घर के नलके या कूएं में नहाते हैं। लेकिन उस क्षेत्र के नलकों और कुओं में भी गंगा का पानी ही होता है और उन पण्डों पर गंगा के पानी का असर होता है और उन्हें उसका परोक्ष लाभ मिलता है। इस प्रभाव को सालोक्य कहते हैं।

2. मगर जो गंगा के किनारे धारा के पास पहुंच

गए तो उसकी पवित्र शीतलता हवा के झोंकों के ज़रीये उसे मिलती है। ऐसे ही सत्संग में आ जाने से गुरु के के दर्शन और उनकी निकटता का लाभ व्यक्ति को होने लगता है। इस प्रभाव को सामीप्य कहते हैं।

3. नज़दीक आने पर आपका जी करता है कि गंगा की धारा में डुबकी लगा लें। आप कपड़े उतार कर गंगा की धारा में डुबकी लगा देते हैं तो इतना आनन्द आता है कि पानी के अन्दर आप ओत प्रोत हो जाते हैं। गुरु का नाम लेते-लेते प्रेम में आप इतने डूब गए कि हर जगह गुरु का ही रूप दिखाई देने लगा। यह जीवन-मुक्ति की अवस्था है। इस दशा में "मैं" नहीं रहता; हर जगह तू ही तू दिखाई देता हैं।

'जब मैं था तब तू नहीं, अब तू हैं मैं नाहिं।
प्रेय गली अति साँकरी, वामें दो न समाहिं' ॥

शिष्य गुरु के रूप में तद्रूप हो जाता है। जैसे मालिक किसी के प्रति वैर भाव नहीं रखता, वैसे ही प्रेमी के अन्दर भी किसी के प्रति शत्रुता-मित्रता नहीं रह जाती।

'तू-तू करता तू भया, मुझमें रही न हूं।
बलिहारी तेरे नाम की, जित देखूं तित तू' ॥

यह तीसरी अवस्था सायुज्य कहलाती है।

4. अब चौथी अवस्था यह है कि पानी में डुबकी लगाई फिर बाहर निकला ही नहीं। पानी में मिलकर ही पानी हो गया। यह तादात्म्य की अन्तिम अवस्था है। प्रेमी अपने प्रियतम में विलीन हो जाता है। यह अवस्था सारूप्य की है। यह चार दर्जे सत्संगी के होते हैं।

'मेरे अन्तर में समाना, मेरे सांसों सांस में।
तू है व्यापक यह समझ दे, सच्चा जो अधिकार है'॥

जब यह ज्ञान हो गया कि हर एक रूप में सद्गुरु ही व्यापा हुआ है, हर एक के अन्दर उसकी ही झलक दिखाई देती है, और मैं स्वयं भी उसी की झलक हूं तो फिर अब नफर किससे और क्यों की जाए? अपने आप से ही नफरत करने का सवाल ही नहीं रहता। सत्गुरु सत में रहने वाला है। वह किसी के प्रति कोई भेद-भाव नहीं रखता। जहां भेद भाव है वहां प्रेम नहीं होता।

'आस रखकर गुरु कृपा की, नित करो अभ्यास तुम।
रात दिन पल छिन तुम्हारा, वह सदा रखवार है'॥

सन्त मत की यह विशेषता है कि इसमें ज़बानी जमा-खर्च नहीं होता। जो इष्ट हमने धारण किया है, जिसको हम मिलना चाहते हैं, वह तभी मिलेगा जब हम लगातार ऐसी करनी करें, ऐसा व्यवहार करें कि

द्वैत भाव, भेद भाव मिट जाए और प्रियतम की ज़ात ही रह जाए । इसके लिए अभ्यास और परिश्रम करना पड़ता है । अभ्यास कैसे किया जाए ? अभ्यास गुरु की आस लेकर किया जाए। यदि आप किताबें और पोथी पढ़-पढ़ कर अभ्यास करेंगे तो मञ्जिल मिलना मुश्किल हो जाएगा। इसमे कोई शक नहीं कि गुरु हमसे करनी कराता है।

'यह करनी का भेद है, नाहीं बुद्धि विचार।
कथनी तज करनी करे, तब पावे कुछ सार' ।।

अभ्यास है क्या ? अभ्यास प्रेम ही तो है। जिस सदगुरु के सत्संग में बैठ कर आप उसका साक्षात्कार करते हैं, उसी से प्रेम-प्यार करना ही तो अभ्यास है। जिसको आपने आदर्श माना हुआ है, उसकी कृपा लेकर अन्तर में प्रेम करना ही अभ्यास है। दाता दयाल जी ने अपने हर शब्द में गुरु कृपा को ही मुख्य बताया है। क्योंकि केवल तुम्हारे अभ्यास से तुम में सिद्धि शक्ति हो सकती है। सम्भव है कुछ अनुभव भी हो जाए । लेकिन गुरु के सत्संग और कृपा के बिना मंजिले मक्सूद नही मिल सकता । आवागमन से छुटकारा नहीं मिल सकता । जब अभ्यास से नीचे आओगे तो तुम्हारा मन फिर विचलित होगा। सम्भव हैं 'सुरत समानी शब्द में, वाको काल न खाय' का अनुभव भी हो जाए। लेकिन सत्संग बिना नाम

की अवस्था में ठहरना असम्भव है। इसीलिए सत्संग को महिमा बताई गई है। ऊञ्चे से ऊञ्चे दर्जे के अभ्यासी को भी सत्संग अज़हद जरूरी है। सत्संग शुरू में भी, मध्य में भी और अन्त में भी अनुभव होने के बाद भी परमावश्यक है।

'कर गुरु की संगत रात दिन,
नर जन्म अपना सुधार ले।
दे फेंक माया बोझ सिर से,
यम का शीश न भार ले'॥

कितनी ज़बरदस्त गारण्टी दी गई है! कृष्ण ने भी ऐसी ही गारण्टी दी है—

'सर्व धर्मापरित्यज्य, मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्व पापेभ्यो, मोक्षयिष्यामि मा शुचः'॥

अर्थात् सब धर्मों को छोड़ कर मेरी शरण में आजा। सभी रुकावटों से बचा कर तुम्हें अपने आप में ले लूंगा। और यही बात दाता दयाल जी कह रहे हैं—

'कर गुरु की संगत रात दिन,
नर जन्म अपना सुधार लें।
दे फेंक माया बोझ सिर से,
यम का शीश न भार ले'॥

लगातार गुरु की संगत का मतलब सदा उसी का ध्यान, उसी से प्रेम करना। लेकिन अन्धी भक्ति नहीं होनी चाहिए।

